ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 06-10-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-10-06 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-10-07	2023-10-08	2023-10-09	2023-10-10	2023-10-11
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	36.0	35.0	35.0	35.0	34.0
न्यूनतम तापमान(से.)	23.0	23.0	22.0	22.0	21.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	67	65	63	67	66
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	29	26	26	27	23
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	23	23	25	21	16
पवन दिशा (डिग्री)	222	228	226	231	231
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 34.0 से 36.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 21.0 से 23.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की सम्भावना है। किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि खरीफ फसलों की कटाई व थ्रेसिंग का कार्य पूरा करें।

लघु संदेश सलाहकार:

अच्छी गुणवता के लिये बाजरा, मूँग तथा तिल की फसल को अच्छी तरह धुप में सुखाने के बाद ही थ्रेसिंग करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों/राया की बुवाई हेतु खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। उन्नत किस्मों जैसे आर.एच -30, बायो-902, आशीर्वाद, सी.एच 54, डी.आर.एम.आर.आई.जे 31 (गिरिरीज), पुसा सरसों 26, पुसा सरसों 27, वाई.एस.एच 0401 (पीली सरसों) एंव आर.जी.एन.145 की व्यवस्था करें। दिन के तापमान को देखते सरसों की बुवाई अभी ना करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	चने की बुवाई हेतु खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। उन्नत किस्मों जैसे सी. 235, आर.एस.जी 44, जी.एन.जी 663 वरदान, जी.एन.जी 2144 तीज, जी.एन.जी 2171 मीरा, जी.एन.जी 1488 संगम एंव आर.एस.जी 896 की व्यवस्था करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	शीतकालीन टमाटर की फसल के लिए नर्सरी तैयार करें। पूसा रूबी, पूसा-120, अर्का विकास, सोनाली, पूसा हाइब्रिड-1 पूसा हाइब्रिड-2 व पंत बहार उन्नत किस्मों की बुवाई करें। 400-500 ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए उपयुक्त है।
बेर	वर्तमान मौसम की स्थिति बेर के पौधे में फल मक्खी कीट के हमले के लिए अनुकूल है। इसके नियंत्रण के लिए डाइमेथोएट 30% ईसी @ 1.0 मिली या इमिडाक्लोप्रिड 17.8% एसएल @ 0.3 मिली या मैलाथियान 50 ईसी @ 1 मिली प्रति लीटर पानी का छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओं को थनेला रोग से बचाने के लिए दूध निकालने की पूर्ण हस्त विधि का उपयोग करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	रबी फसलों की बुवाई से पूर्व खेत में 8-10 टन गोबर की खाद प्रति हैक्टेयर में डालें जो मृदा के भौतिक व जैविक गुणों को बडाती है तथा मृदा की जल धारण क्षमता भी बडती है।